समाचार

वार्ड क्र. 29 राजस्व मंत्री शनिवार को करेंगे विकास कार्य का भूमिपूजन

कोरबा 11 मार्च 2022 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल शनिवार 12 मार्च को दोपहर 12 बजे नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार में ठाकुरदेव स्थान पोड़ीबहार खरमोरा रोड चौक से आगे वन विकास निगम नर्सरी के सामने आर.सी.सी. नाली एवं सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की जाएगी तथा सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, एम.आई.सी.के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।